**LOYOLA SCHOOL, BHUBANESWAR**

**Half Yearly Evaluation September-2025**

| **Class-V** | **Subject-2nd Lang (Hindi)** | **F.M-60** | **Time-1½ Hours** |
|---|---|---|---|

(व्याकरण)

भाग - क

I. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

हमारे देश में अनेक प्रकार के पक्षी पाए जाते हैं। इनमें मोर अपनी सुंदरता के कारण हमारा राष्ट्रीय पक्षी है । इसकी पूंछ लंबी होती है जिसे पंख कहते हैं । इन पर रंग बिरंगे चाँद बने होते हैं । इनका शरीर गहरे नीले रंग का होता है । लंबे और भारी पंख होने के कारण मोर अधिक ऊँचाई तक उड़ नहीं पाता है । मोरनी के पंख बहुत छोटे होते हैं । मोर प्रायः बाग -बगीचों, खेतों और वनों में पाया जाता है । आकाश में जब बादल घिर आते हैं तब मोर प्रसन्न होकर पंख फैलाकर नाचने लगता है । यह सांप और कीड़े -मकोड़ों को खा सकता है इसलिए इसे किसान का मित्र कहा जाता है ।

(क) हमारा राष्ट्रीय पक्षी कौन है ? [1]

(ख) मोर अधिक ऊँचाई तक क्यों नहीं उड़ पाता है? [2]

(ग) मोर को किसान का मित्र क्यों कहा जाता है ? [2]

II. किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। [5]

(क) अपना हाल-चाल बताते हुए पिताजी को पत्र लिखिए ।

(ख) अपने मित्र को बधाई देते हुए पत्र लिखिए ।

III. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । [10]

(क) व्यायाम का महत्व ।

(ख) जवाहरलाल नेहरू ।

IV. दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । [3×1=3]

(क) कपड़ा (ख) किनारा ( ग) उपवन

V. विलोम शब्द लिखिए । [3×1=3]

(क) आकाश (ख) आदि ( ग) अपमान

VI. वचन बदलकर लिखिए । [5×1=5]

(क) तकिया (ख) कपड़ा (ग) लेखिका (घ) लता (ङ)दिशा

VII. वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए । [3×1=3]

(क) जिसका अंत न हो ।

(ख) किसी के पीछे चलने वाला ।

ग) जो कभी बूढ़ा न हो ।

VIII. मुहावरों के अर्थ लिखिए । [4×1=4]

(क) ईद का चाँद होना । (ख) आँखों का तारा होना ।

(ग) अंग अंग ढीला होना । (घ) आँखें खुलना ।

( साहित्य )

भाग -ख

IX. सही शब्द चुनकर लिखिए । [6×1=6]

1. क्रिकेट खेल का जन्म किस देश में हुआ?
   (क) फ्रांस (ख) स्पेन (ग) इंग्लैंड
2. एक दिवसीय मैच में कितने ओवर खेले जाते हैं?
   (क) पचास ओवर (ख) बीस ओवर (ग) दस ओवर
3. बाबा भारती कहाँ रहते थे ?
   (क) जंगल (ख) पहाड़ (ग) मंदिर
4. सुलतान दिखने में कैसा था ?
   (क) बदसूरत (ख) सुंदर और बलवान (ग) अपाहिज
5. सब पर किसकी निर्मल छाया है ?
   (क) आसमान की (ख) पेड़ की (ग) सूरज की
6. मटका कैसा था ?
   (क) हल्का (ख) खाली (ग) भारी

X. शब्दार्थ लिखिए। [4×1=4]

(क) निर्मल (ख) सन्नाटा (ग) आभारी (घ) प्रदर्शन

XI. सही या गलत लिखिए । [4×1=4]

(क) क्रिकेट का जन्म भारत में हुआ था?

(ख) ज्यादा रन बनाने वाली टीम जीत जाती है।

(ग) टेस्ट मैच चार दिन का खेल होता है ।

(घ) क्रिकेट का ग्राउंड और पिच मिट्टी की होती है

XII. प्रश्नों के उत्तर लिखिए । [4×2=8]

(क) वर्तमान समय में भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान कौन है ?

(ख) बाबा भारती को किस बात का भय सताता था ?

(ग) सरपंच ने जैकसन और सोफिया को कमरे में बंद क्यों कर दिया ?

(घ) मनुष्य क्या भूल गया है ?

**********************ALL THE BEST*****************